# 2019

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं : क, ख, ग, घ।
2. प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।
4. उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

### खण्ड – क
### (वाचन – 10 अंक)

1. दोहा छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए । 2

2. उपमेय और उपमान का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 3 से 6 तक के उत्तर **एक-एक** शब्द या शब्द-समूह या वाक्य में लिखिए ।

3. हरिगीतिका छन्द के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ? 1

4. बरवै छन्द का एक उदाहरण लिखिए । 1

5. यमक अलंकार का एक उदाहरण लिखिए । 1

6. चिरजीवौ जोरी जुरै क्यों न सनेह गंभीर ।
को घटि ये बृष भानुजा वे हलधर के बीर ।। 1
उपर्युक्त पद कौन-से अलंकार का उदाहरण है?

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 7 और 8 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

7. 'जेहि सुमिरत सिधि होय, गन नायक कविवर वदन।' 1

उपर्युक्त पद में निहित छन्द का नाम क्या है?

(क) सोरठा (ख) गीतिका

(ग) दोहा (घ) हरिगीतिका

8. 'पानी परात को हात छुओ नहीं।
नैनन के जल सों पग धोए।।' 1

उपर्युक्त पद में निहित अलंकार का नाम क्या है?

(क) विरोधाभास (ख) रूपक

(ग) अतिशयोक्ति (घ) व्यतिरेक

## खण्ड – ख
## (लेखन – 15 अंक)

9. मान लीजिए कि आप एक सरकारी हाई स्कूल के प्रधान अध्यापक हैं। आप के स्कूल में एक हिन्दी अध्यापक का पद खाली है। इस पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमन्त्रित करते हुए आप एक विज्ञापन लिखिए। 8

10. मान लीजिए कि आप इम्फाल में प्रकाशित एक दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं। मणिपुर में पिछले साल अनावृष्टि के कारण खेती की पैदावार अपेक्षाकृत बहुत कम हो गई थी। इस सम्बन्ध में आप अपने दैनिक पत्र में छपाने लायक एक लेख लिखिए। 7

## खण्ड – ग
## (व्याकरण – 15 अंक)

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 11 और 12 के उत्तर लगभग ***50 - 50*** शब्दों में लिखिए।

11. सन्धि किसे कहते हैं ? सन्धि कितने प्रकार की होती है? सोदाहरण समझाइए। 4

12. तद्भव शब्द किसे कहते हैं ? तद्भव शब्द का तत्सम शब्द से क्या सम्बन्ध है? सोदाहरण लिखिए। 4

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 13 से 17 तक के उत्तर **एक-एक** वाक्य या शब्द-समूह में दीजिए।

13. 'वे दुष्ट लोग हैं, जो सज्जनों की निन्दा करते हैं।' 1
—इस मिश्रित वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए।

14. 'गुरूजी के आने पर काम आरम्भ हो गया।' 1
—इस सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए।

15. बहुव्रीहि समास का एक उदाहरण लिखिए। 1

16. 'राई का पहाड़ बनाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

17. 'उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे'। लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 18 और 19 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

18. 'जरा-सी भी हानि न होना' के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है ? 1

(क) हवाई किले बनाना (ख) कान भरना

(ग) आँखों में धूल झोंकना (ग) बाल भी बाँका न होना

19. 'कोरी सिधाई से काम नहीं चलता'। के लिए उपयुक्त लोकोक्ति कौन-सी है ? 1

(क) मूर्ख गुणों की कदर नहीं करता (ख) सीधी ऊँगली से घी नहीं निकलता

(ग) एक हात से ताली नहीं बजती (ग) अधजल गगरी छलकत जाए

**खण्ड – घ**

**(साहित्य – 60 अंक)**

**(पद्य : प्राचीन – 8 अंक; आधुनिक –12 अंक)**

20. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) सर सूखे पंछी उड़ै, औरै सरन्ह समाहिं।
दीन मीन बिन पच्छ के, कहु रहीम, कहँ जाँहिं ।।

*अथवा*

(ख) ऐसी मूढ़ता या मन की ।
परिहरि राम भगति सुर सरिता आस करत ओस कन की ।।
धूम समूह निरखि चातक ज्यों तृषित जानि मति धन की ।
नहिं तहँ सीतलता न बारि, पुनि हानि होति लोचन की ।।

21. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) सब पर मेरी आशाएँ
सब पर मेरा एतबार है,
आगे बढ़ते जाना मेरे
जीवन का व्यापार है

*अथवा*

(ख) चले गए उनपर पैर रखकर
लोहे लगे चमड़ों के जूतों से
निष्ठुरतापूर्वक ।

22. स्पष्ट कीजिए कि 'प्रौढ़ शिक्षा' कविता में कवि प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम का यथार्थ चित्रण चित्रित करता है। 4

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 23 और 24 के उत्तर ***एक-एक*** वाक्य में लिखिए।

23. 'जाऊँ कहाँ तजि चरन तिहारे ?' 1

—इस पंक्ति का सरल अर्थ लिखिए ।

24. कामदेव कैसे भस्म हो गया ? 1

**(गद्य – 25 अंक)**

25. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) भारतमाता को स्वतंत्र करना होगा और नीति-अनीति, हिंसा-अहिंसा को देखने का यह समय नहीं है। मीठी बातों का परिणाम बहुत देखा। मीठी बातों से बाघ के मुँह से अपना सिर नहीं निकाला जा सकता।

*अथवा*

(ख) इन्सान को इन्सान ने मार डाला, इन्सान के बनाए चित्र सुरक्षित हैं, साहित्य के संग्रहालय हैं, मूर्तियों पर शोध हो रहा है, खण्डहर पूजे जा रहे हैं और कराहने और मरनेवाली मानवता मानो समय के झाड़ू से उनन्त के गर्भ में फेंक देने की चीज है।

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 26 और 27 के उत्तर लगभग ***40-40*** शब्दों में लिखिए।

26. एड्स के संचार को पूर्ण रूप से रोकने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ? 4

27. शगोल-काङ्जै कैसे खेला जाता है? 4

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 28 और 29 के उत्तर लगभग ***25-25*** शब्दों में लिखिए।

28. माजुली क्या है ? 2

29. मनुष्य के जीवन को कितने वर्गों में बाँटा जा सकता है? उन वर्गों के नाम लिखिए। 1+1=2

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 30 से 33 तक के उत्तर ***एक-एक*** वाक्य में लिखिए।

30. 'एड्स' क्या है ? 1

31. मुक्ना-जात्रा क्या है ? 1

32. सुनन्दा लगभग कितने साल की स्त्री है ? 1

33. 'साहित्यिक की मूर्तिपूजा' पाठ का लेखक कौन है ? 1

*निर्देश:* प्रश्न-संख्या 34 और 35 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

34. कौन-से खेल को 'मणिपुरी हॉकी' कहा जा सकता है ? 1

(क) खोङ्-काङ्जै को (ख) मुक्ना-काङ्जै को

(ग) शगोल-काङ्जै को (घ) युबी लाकपी को

35. 'जुल्म को मिटाने के लिए कुछ जुल्म होगा ही।' 1

—उपर्युक्त वाक्य कौन-से पाठ से उद्धृत किया गया है?

(क) 'कामाख्या की छाया में' से (ख) 'मणिपुर के प्रमुख प्राचीन खेल' से

(ग) 'पत्नी' से (घ) 'साहित्यिक की मूर्ति पूजा' से

**(पूरक पाठ्यपुस्तक –15 अंक)**

36. 'मानव की प्रगति में विज्ञान' अथवा 'भारतीय संस्कृति : एक झलक' पाठ का सारांश लगभग *150* शब्दों में लिखिए। 7

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 37 और 38 के उत्तर लगभग ***50-50*** शब्दों में लिखिए।

37. वैदिक संस्कृति की विशेषताएँ क्या-क्या हैं? 4

38. रात्रि के समय विजयकृष्ण ने लज्जावती से क्या कहा? 4

---